कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली 110 012.
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi-110012

मि.सं.2(2)/2016-परीक्षा.II दिनांक 18 अगस्त, 2017

आशुलिपिक ग्रेड-III और अवर श्रेणी लिपिक (एलडीसी) प्रतियोगिता परीक्षा-2017

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद हेतु निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन पद्धति से कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन करने जा रहा है:

(i) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली तथा इसके अनुसंधान संस्थानों एवं संस्थानो के कृषि विज्ञान केन्द्रों में **आशुलिपिक ग्रेड III** [पे बैंड-1, रू 5200-20200+ ग्रेड पे रू 2400 (सातवें वेतन आयोग द्वारा संशोधित लेवल 4)] के **95 पद**।

(ii) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में **अवर श्रेणी लिपिक** [पे बैंड-1, रू 5200-20200+ ग्रेड पे रू 1900 (सातवें वेतन आयोग द्वारा संशोधित लेवल 2)] के **78 पद**।

महत्वपूर्ण तिथियां

क्रम सं.	गतिविधि	दिनांक एवं समय
1.	आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारम्भ	31.08.2017 (सुबह 10 बजे से)
2.	आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण का बंद होना	25.09.2017 (शाम 5 बजे तक)
3.	आवेदन पत्र का संपादन	26-28.09.2017 (शाम 5 बजे तक)
4.	प्रवेश प्रमाण पत्र डाउनलोड करना	14.10.2017 (सुबह 10 बजे से)
5.	अवर श्रेणी लिपिक के लिए परीक्षा	29.10.2017 (सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक)
6.	आशुलिपिक ग्रेड III के लिए परीक्षा	29.10.2017 (दोपहर 02.30 बजे से 04.30 तक)

1. आयु सीमा

ऑनलाइन आवेदनों का पंजीकरण बंद होने के तिथि को 18 वर्ष और 27 वर्ष के बीच (निर्धारित आरक्षित वर्गों एवं विभागीय उम्मीदवारों के लिए अधिसूचना में उल्लेखित नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी)।

2. निर्धारित योग्यताएं

(i) आशुलिपिक ग्रेड-III पदों के लिए

शैक्षणिकः उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि या उसके पहले, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

क्रमशः

पेशेवर दक्षताः उम्मीदवार को 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 10 मिनट तक अंग्रेजी या हिन्दी में श्रुतलेख (डिक्टेशन) दिया जाएगा। जो उम्मीदवार अंग्रेजी में परीक्षा देने का विकल्प चुनते हैं उन्हें इस श्रुतलेख को 50 मिनट में कम्प्यूटर पर प्रतिलेखन (ट्रांसक्राइब) करना होगा और जो उम्मीदवार हिन्दी विकल्प को चुनते हैं उन्हें 65 मिनट में कम्प्यूटर पर प्रतिलेखन (ट्रांसक्राइब) करना होगा।
(i) अवर श्रेणी लिपिक पदों के लिए **शैक्षणिक:** उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि या उसके पहले, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। **पेशेवर दक्षता:** कम्प्यूटर पर टंकण गति अंग्रेजी माध्यम में 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी माध्यम में 30 शब्द प्रति मिनट (अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट 10,500 केडीपीएच के अनुरूप है जो औसतन 5 की-डिप्रेशंसन प्रति शब्द है)।

3. आवेदन करने की विधि
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की वेबसाइट www.asrb.org.in और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वेबसाइट www.icar.org.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से।

4. आवेदन शुल्क

क्रम सं.	उम्मीदवार का वर्ग	शुल्क (रूपए)
1.	अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग	200/-
2.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक/महिला उम्मीदवार	शून्य

नोट: उम्मीदवार दोनों पदों के लिए निर्धारित शुल्क के साथ अलग आवेदन जमा कर सकते हैं।

रिक्त पदों के विवरण, आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा के नियम, आवेदन शुल्क, आवेदन शुल्क भुगतान पद्धति पाठ्यक्रम सहित परीक्षा की योजना इत्यादि संबंधी विस्तृत विवरण हेतु कृपया परीक्षा की विस्तृत अधिसूचना को देखें जो कि कृषि वैज्ञानिक चयन मडंल और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वेबसाइटों क्रमशः www.asrb.org.in तथा www.icar.org.in पर उपलब्ध है।

(एस. पी. सनवाल)
परीक्षा नियंत्रक